देशबन्धु बिलासपुर सोमवार 8 फरवरी 1999

# औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देगी उद्योग प्रदर्शनी

बिलासपुर (देशबन्धु) संभागीय उद्योग प्रदर्शनी एवं सेमिनार में लगे अनेक रोचक स्टालो ने लोगों के खूब आकर्षित किया। कई स्टाल के रखे गये उपकरण ऐसे है जो लोगो को पता भी नहीं कि वह बिलासपुर में ही बनता है। उसे बाहर राज्यों से खरीदे जाते थे।

## मेट्रिक्स मोटर कंट्रोल

बिलासपुर संभागीय औद्योगिक प्रदर्शनी एवं सेमिनार में लघु उद्योग श्रेणी में मेट्रिक्स मोटर कंट्रोल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार उनके द्वारा बनाये जा रहे उपयोगी उपकरणों के लिये मिला है। मेट्रिक्स मोटर कंट्रोल के निर्देशक अनिल अग्रवाल का कहना है कि ये अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टार्टर मोटर कंट्रोल, पावर जंक्शन का निर्माण करते है। जो विभिन्न फेक्टरियों में उपयोग में आते है। श्री अग्रवाल ने बताया कि मेट्रिक्स मोटर कंट्रोल को बेहतर उत्पादों की वजह से 1993-94 में राष्ट्रीय उत्पादकता पुरस्कार तथा 1993-94 में एक्सिलेंसी पुरस्कार से नवाजा गया है, उन्होंने बताया कि सिरगिट्टी औद्योगिक प्रक्षेत्र में स्थापित मेट्रिक्स मोटर कंट्रोल में सर्वश्रेष्ठ मोटर कंट्रोल का निर्माण होता है। मेट्रिक्स के अनेक उत्पाद कृषि, एवं उद्योगो के लिए है। जिन्हें हम कम मूल्य पर आसानी से क्रय कर सकते हैं, श्री अग्रवाल ने बताया कि उनके द्वारा कंट्रोल पेनल, स्ट्रीट लाइट टाइम स्वीच, जंक्शन बाक्स, कंट्रोल जंक्शन बाक्स, मोटर कंट्रोल सेन्टर आदि उपकरण बनाया जाता इन उपकरणों को रेमंड सिमेंट वर्क्स, जिंदल स्ट्रीप्स, एस.ई.सी.एल., प्रकाश इंडस्ट्रीज, बुलवर्थ इंडिया लि., डायमंड स्टील दमोह, महानदी कोलफिल्डस लि. उडीसा, नोवा आयरन चांपा, एल एंड टी हिरमी रायपुर, नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन नागपुर, एलोए आदि में स्थापित किया है जो बेहतर सेवाएं दे रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि समय समय पर इस तरह के औद्योगिक प्रदर्शनी एवं सेमीनार का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे उपभोक्ताओं को नई वस्तुओं के बारे में जानकारी हो सके।